## *ऑटिज़्म अराउंड द् ग्लोब (संपूर्ण विश्व में ऑटिज़्म)* सहमति फार्म

आपसे नैंसी ल्यूरी मार्क्स फैमिली फाउंडेशन ("NLMFF") की एक परियोजना, *ऑटिज़्म अराउंड द् ग्लोब ("AATG")* के लिए लिखित और/या ग्राफिक सामग्री (फोटोग्राफ सहित) का योगदान देने के लिए कहा जा रहा है। *AATG* एक इंटरएक्टिव, मानवीय सरोकार पैदा करने वाली वेबसाइट परियोजना है जिसे इस बारे में सार्वजनिक जागरूकता पैदा करने के लिए तैयार किया गया है कि किस प्रकार विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आॅटिज़्म प्रभावित करता है। *AATG* का मुख्य केंद्रबिंदु विश्व-भर से ऑटिज़्म के विभिन्न प्रकार के व्यक्तिगत विवरणों को एकत्रित, व्यवस्थित, और प्रस्तुत करना है। इस परियोजना में आपकी भागीदारी शोधकर्ताओं, निदानकर्ताओं, और ऑटिज़्म प्रभावित समुदाय के अन्य सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बनाने में सहायता करेगी।

कृपया नोट करें कि यदि आपकी आयु 18 वर्ष से कम है, तो आपकी ओर से माता या पिता में से किसी एक या अभिभावक द्वारा इस सहमति फार्म पर हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। इसी तरह से, यदि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे ज्यादा है, लेकिन आपका कोई कानूनी अभिभावक है, तो आपके अभिभावक को आपकी ओर से इस सहमति फार्म पर हस्ताक्षर करने चाहिए। NLMFF का मानना है कि बच्चे, किशोर, और ऐसे व्यक्ति जिनके कानूनी अभिभावक हैं, उनके पास खासतौर पर ऑटिज़्म से संबंधित मूल्यवान कहानियां होती हैं, लेकिन हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी सहमति कानूनी रूप से बाध्यकारी हो।

***यदि आपकी सामग्री के इंटरनेट या अन्य माध्यमों में प्रकाशित होने की स्थिति में आप अनाम रहना चाहते हैं, तो आपको निम्नलिखित बॉक्स में X लगाना चाहिए:*** ☐

**सहमति की शर्तें :**

1. *AATG* से संबंधित और NLMFF के कल्याणकारी मिशन के अनुरूप किसी भी अन्य उद्देश्य की निरंतरता में सभी मौजूदा और भविष्य के माध्यमों (इंटरनेट व प्रकाशित पुस्तक सहित लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं) में इनका उपयोग और उन्हें प्रसारित करने के लिए आपके द्वारा सामग्री भेजना आपकी अनुमति दर्शाता है, और इसकी सहमति देता है। अन्य उपयोगों के अतिरिक्त, यह अनुमति स्पष्टता व लंबाई के लिए या प्रकाशन के लिए अन्य प्रकार से आवश्यकतानुसार संपादित करने, अन्य कामों के साथ आपकी सामग्री को जोड़ने, आपकी सामग्री में नोट्स, कैप्शन, और अन्य विशेषताएं जोड़ने, आपकी सामग्री के आधार पर व्युत्पन्न काम निर्मित करने, आपकी सामग्री को अन्य भाषा में अनुदित करने, और किसी भी पहले के काम को कॉपी करने, सार्वजनिक रूप से दिखाने, और वितरित करने, और आपकी सामग्री, और संपूर्णता में संग्रह की पहुंच को बढ़ाने के उद्देश्य से यह सब करने की अनुमति NLMFF और इसके द्वारा नामित व्यक्तियों को देगी। पहले के काम की अनुमति NLMFF के लिए अनन्य नहीं है, और आपके पास अपनी सामग्री को किसी भी उद्देश्य के लिए प्रयोग करने, या अन्य लोगों को इसके प्रयोग की अनुमति देने, का अधिकार है।

2. आपके द्वारा प्रस्तुत सामग्री आपके द्वारा निर्मित होनी चाहिए, पूरी तरह से मौलिक होनी चाहिए, किसी भी अन्य फोटोग्राफिक, साहित्यिक, या अन्य सामग्री पर, संपूर्णता में या अंश में, उसकी नकल या उस पर आधारित नहीं होनी चाहिए, सिवाए उस सीमा तक जबकि (i) ऐसी सामग्री पब्लिक डोमेन में हो या (ii) आपने *AATG* और NLMFF के कल्याणकारी मिशन के अनुरूप किसी भी अन्य उद्देश्य के संबंध में उक्त सामग्री का उपयोग करने व प्रसारित करने के लिए लेखक या अन्य कॉपीराइट स्वामी से स्पष्ट लिखित अनुमति प्राप्त कर ली हो। कृपया नोट करें कि, एक सामान्य नियम के तौर पर, अभिव्यक्ति के सभी वास्तविक कार्य जो कुछ मौलिकता दर्शाते हैं, उन्हें कॉपीराइट द्वारा सुरक्षित किया जाता है, चाहे वे पहली बार में इलेक्ट्रानिक स्वरूप में (जैसे कि ईमेल, ब्लॉग प्रविष्टि, वेबसाइट पोस्टिंग, डिजीटल फोटो) में निर्मित किए गए हों या चाहे उन्हें पहले किसी अन्य माध्यम में तैयार किया गया हो और फिर इलेक्ट्रानिक स्वरूप (जैसे कि किसी समाचारपत्र या पत्रिका के लेख को स्कैन करके पीडीएफ में) में बदला गया हो। हाल ही में निर्मित सामग्रियां पब्लिक डोमेन में जाएंगी या अन्य व्यक्तियों के लिए मुक्त रूप से उपयोगी होंगी केवल उसी स्थिति में जबकि लेखक स्पष्ट तौर पर कॉपीराइट अधिकार छोड़ दे या यदि सामग्रियों को ऐसी स्थिति में निर्मित किया गया है जहां लेखक के लिए सामग्री के उपयोग के लिए कॉपीराइट अधिकार छोड़ना या व्यापक सार्वजनिक अधिकार देना (जैसे कि सृजनात्मक सामान्य सार्वजनिक लाइसेंस द्वारा नियंत्रित ब्लॉग के लिए योगदान) आवश्यक हो। यदि आपके द्वारा प्रस्तुत सामग्री का कोई हिस्सा तीसरे पक्ष की ओर से निर्मित हुआ है (जैसे कि आपके और अन्य व्यक्ति के बीच में ईमेल के आदान-प्रदान में) या किसी तीसरे पक्ष द्वारा पहले प्रकाशित किया जा चुका है, तो आपको अपनी भेजी सामग्री में से उस हिस्से को निकाल देना चाहिए या फिर लिखित रूप में पुष्टि करनी चाहिए कि उक्त हिस्से पर अधिकार रखने वाला ऐसा प्रत्येक तीसरा पक्ष *AATG* में उसकी सामग्री शामिल करने के लिए सहमत है और उसकी ओर से सहमति देने के लिए उसने आपको अधिकृत किया है।

3. ऑटिज़्म से प्रभावित किसी भी व्यक्ति या उसके पारिवारिक सदस्यों सहित, आपके द्वारा उल्लेखित सभी व्यक्तियों की निजता की रक्षा आपके द्वारा प्रस्तुत सामग्री में की जानी चाहिए। यदि आप शोधकर्ता या निदानकर्ता हैं जो ऑटिज़्म प्रभावित लोगों से अपने संपर्कों का विवरण देता है, तो आपको छद्मनाम इस्तेमाल करना चाहिए या अपनी सामग्री में संदर्भित प्रत्येक व्यक्ति से स्पष्ट लिखित अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। NLMFF द्वारा फार्म के रूप में उपलब्ध कराई गई रिलीज को आपके द्वारा प्रस्तुत फोटोग्राफ में दिखाई देने वाले सभी पहचाने जाने योग्य व्यक्तियों से प्राप्त करना चाहिए। यद्यपि NLMFF जानबूझकर कोई भी सामग्री प्रकाशित नहीं करेगा जो किसी की निजता या प्रचार संबंधी अधिकारों का उल्लंघन करती हो, परंतु आप यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि आपकी सामग्री उस न्यायाधिकार क्षेत्र के उन सभी निजता संबंधी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करती है जिसमें सामग्री में दिखाया गया व्यक्ति रहता है। अन्यथा आपने उपरोक्त दर्शाए गए

बॉक्स में निशान लगा दिया है कि आप प्रस्तुत सामग्री के लेखक के रूप में अचिह्नित रहने को वरीयता देंगे। NLMFF के पास आपका नाम कभी भी प्रयोग करने का अधिकार है जब यह आपकी सामग्री को इंटरनेट या अन्य माध्यमों में प्रकाशित करता है।

4. *AATG* को सामग्री भेज कर आप सीमितता के बगैर, निजता के उल्लंघन, प्रचार संबंधी अधिकारों के उल्लंघन, कॉपीराइट उल्लंघन, मानहानि, निंदा करने, या बात गलत ढंग से प्रस्तुत करने के दावों सहित, इस सहमति फार्म के अनुसार NLMFF द्वारा सामग्री के उपयोग से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या दायित्व से, किसी सार्वजनिक पुस्तकालय या लेखागार जिसमें संग्रह को दीर्घकाल तक सुरक्षित रखने के लिए अनुदान में दिया गया है, सहित NLMFF और इसकी अनुमति या अधिकृत करने पर काम कर रहे व्यक्तियों को मुक्त, दायित्व से स्वतंत्र, और नुक्सानरहित रखने के लिए सहमत हैं। इसके अतिरिक्त आप अभिस्वीकृति देते हैं व सहमत हैं कि NLMFF तीसरे पक्ष द्वारा आपकी सामग्री के किसी प्रकार से दुरुपयोग करने या अन्य गलत कार्रवाई के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

5. *AATG* के संग्रहों की सामग्रियों का कॉपीराइट मूल निर्माताओं या उनके अधिकारों का हस्तांतरण पाने वाले व्यक्तियों के पास रहता है। संपूर्ण तौर पर संग्रह का कॉपीराइट (जैसे कि सामूहिक कार्य, क्योंकि संग्रह में सामग्रियां जोड़ी और हटाई जाती हैं), या कोई खास संकलन जिसमें आपकी सामग्री शामिल है, का स्वामित्व NLMFF के पास है और रहेगा। इस सीमा तक कि NLMFF या इसके द्वारा नामित व्यक्ति आपके योगदान पर आधारित कोई व्युत्पन्न काम निर्मित करते हैं, तो व्युत्पन्न काम में शामिल कोई नई सामग्री का कॉपीराइट NLMFF के पास रहेगा जबकि मूल अंतर्निहित सामग्री का कॉपीराइट मूल निर्माताओं या उनके अधिकारों का हस्तांतरण पाने वाले व्यक्तियों के पास ही रहेगा (ऊपर पैराग्राफ 1 में NLMFF को दिए गए उपयोग अधिकारों के अनुसार)।

6. NLMFF की आपके द्वारा प्रस्तुत सामग्री को *AATG* के हिस्से के तौर पर या अन्य प्रकार से उपयोग करने की कोई बाध्यता नहीं है। NLMFF के पास उक्त सामग्री को *AATG* संग्रह में शामिल करने से पहले और बाद में दोनों मौकों पर, सभी प्रस्तुत सामग्रियों की समीक्षा करने, और कारण सहित या बिना कारण के उक्त सामग्री के हिस्से या सारी सामग्री को शामिल न करने, हटाने, या पहुंच रोकने का अधिकार है। NLMFF कॉपीराइट, प्रचार संबंधी अधिकारों, और समान अधिकारों को गंभीरतापूर्वक लेता है और जानबूझकर आपके द्वारा प्रस्तुत सामग्री को उक्त अधिकारों के उल्लंघन में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं कराएगा। इसी प्रकार, सामग्री को शामिल न करने, हटाने, या उस तक पहुंच रोकने के NLMFF के अधिकारों को सीमित किए बिना, यदि किसी समय NLMFF को आपके या तीसरे पक्ष द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा भेजी सामग्री का कुछ हिस्सा या पूरी सामग्री अन्य व्यक्तियों के अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है, तो NLMFF उक्त सामग्री तक पहुंच या अन्य उपयोग को रोकने के लिए उपयुक्त कार्रवाई कर सकता है।

7. NLMFF आपको *AATG* में आपका योगदान प्राप्त होने की स्वीकृति देने वाली ईमेल भेजेगा। NLMFF आपके द्वारा हमें प्रस्तुत किसी भी सामग्री की वापिसी की गारंटी नहीं दे सकता है, इसलिए उसकी प्रति रखना सुनिश्चित करें।

8. आपने अभिस्वीकृति दी है कि आप अपनी सामग्री के उपयोग के अधिकार के बदले में NLMFF से धन का कोई भुगतान या अन्य लाभ नहीं लेंगे।

9. कानून द्वारा आवश्यक या *AATG* की वेबसाइट पर प्रकाशित निजता संबंधी नीति (समय-समय पर संशोधित) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार, NLMFF आपकी प्रस्तुत सामग्री के साथ आपके ईमेल पते या किसी भी अन्य व्यक्तिगत जानकारी को व्यावसायिक विक्रेताओं या अन्य तीसरे पक्षों को नहीं देगा। हालांकि, अपनी निजता संबंधी नीति के अनुरूप, NLMFF तीसरे पक्षों को कुल डेटा दे सकता है जिसमें कोई व्यक्तिगत पहचान वाली जानकारी नहीं होती है।

10. इस सहमति फार्म को आपकी सुविधा के लिए किसी भी अन्य भाषा में अनुदित किया जा सकता है, लेकिन कोई गड़बड़ी होने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण नियंत्रणकारी होगा। इस हस्ताक्षर युक्त सहमति फार्म की एक फोटोकापी, पीडीएफ, या अन्य फैक्स संस्करण भी मूल प्रति के समान प्रवर्तनीय होंगे।

*यदि आप इस सहमति फार्म के किसी भी पहलू के बारे में अस्पष्ट हैं, तो स्पष्टीकरण के लिए कृपया NLMFF से judy@nlmfoundation.org पर संपर्क करें।*

☐ मैं स्वीकार करता हूं।

______________________________ ______________________________

नाम दिनांक

______________________________

माता-पिता/अभिभावक का नाम (यदि लागू होता हो)

______________________________

ईमेल पता